# गेल (इंडिया) लिमिटेड
## (भारत सरकार का उपक्रम - एक महारत्न कंपनी)

**गैस प्रसंस्करण इकाई, गंधार**
**गाँव: रोज़ाटंकारिया, तालुका: आमोद,**
**जिला-भरूच - 392140 (गुजरात)**
**फ़ोन: 02641-231023 एक्सटेंशन: 871341/871340.**
**ईमेल: hrgandhar@gail.co.in**
**वेबसाइट: www.gailonline.com**


---

## अस्थायी कार्यकाल के आधार पर पूर्णकालिक फैक्ट्री चिकित्सा अधिकारी की आवश्यकता

गेल (इंडिया) लिमिटेड, जो एक महारत्न पीएसयू और भारत की प्रमुख प्राकृतिक गैस कंपनी है, गैस मूल्य श्रृंखला (अन्वेषण एवं उत्पादन, प्रसंस्करण, संचरण, वितरण और विपणन सहित) और इसकी संबंधित सेवाओं के सभी पहलुओं को एकीकृत कर रही है । तेजी से बदलते परिदृश्य में, गेल भारत में प्रमुख उपभोग केंद्रों को प्रमुख गैस क्षेत्रों, एलएनजी टर्मिनलों और अन्य सीमा पार गैस सोर्सिंग बिंदुओं से जोड़ने वाले हरित ऊर्जा कॉरिडोर का एक क्वाड्रीलैटरल बनाकर स्वच्छ ईंधन औद्योगीकरण के एक नए युग की ओर कदम बढ़ा रहा है । गेल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए विदेशों में भी अपने व्यवसाय का विस्तार कर रहा है ।

**गेल (इंडिया) लिमिटेड गैस प्रोसेसिंग यूनिट, गंधार, गांव: रोज़ाटंकारिया, तालुका: आमोद, जिला: भरूच- 392140 (गुजरात) में अपने व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए निम्न उल्लिखित पद को भरने के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले चिकित्सा अनुशासन में प्रतिबद्ध, वाइब्रेंट और समर्पित भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:**

**तालिका-I**

| # | पद का नाम | कुल |
|---|---|---|
| 1 | **अस्थायी आधार पर पूर्णकालिक फैक्ट्री चिकित्सा अधिकारी** | **01** |

**1. उक्त पद हेतु न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं नीचे तालिका-II में दर्शाई गई हैं :**

**तालिका-II**

| # | पद का नाम | न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं |
|---|---|---|
| 1 | **अस्थायी आधार पर पूर्णकालिक फैक्ट्री चिकित्सा अधिकारी** | पूर्ण इंटर्नशिप के साथ न्यूनतम एमबीबीएस की डिग्री तथा भारतीय चिकित्सा परिषद में पंजीकरण तथा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त न्यूनतम तीन माह की अवधि का औद्योगिक स्वास्थ्य (सीआईएच/एएफआईएच/डीआईएच) में प्रशिक्षण प्रमाणपत्र होना चाहिए । |

1.1 शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अनुभव वांछनीय होगा ।

1.2 केवल पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रमों पर ही विचार किया जाएगा ।

**2. परिलब्धियाँ और अन्य लाभ**

2.1 नियुक्ति अस्थायी कार्यकाल के आधार पर पूर्णकालिक होगी और नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी । प्रदर्शन के आधार पर नियुक्ति की अवधि को वार्षिक आधार पर बढ़ाया जा सकता है । तथापि, संविदात्मक नियुक्ति की अधिकतम अवधि दिनांक 31.12.2027 से अधिक नहीं होगी । एक वर्ष की नियुक्ति पूर्ण होने के पश्चात सेवाओं के विस्तार पर वेतन वृद्धि दी जाएगी ।

2.2 **रू. 93,000/-** (तिरानबे हजार रुपये मात्र) के समेकित मासिक शुल्क का भुगतान किया जाएगा ।

2.3 एक वर्ष की नियुक्ति पूर्ण होने के पश्चात अवधि विस्तार (यदि कोई हो) होने पर रू. 2800/- की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रदान की जाएगी ।

2.4 ओपीडी व्यय (चूंकि गेल, गांधार में आंतरिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है) रू. 1,000/- प्रति माह।

2.5 स्वयं, पति/पत्नी तथा दो निकटतम आश्रितों अर्थात् बच्चों और/या माता-पिता के लिए इनडोर चिकित्सा हेतु 5 लाख रुपए का फैमिली फ्लोटर बीमा कवर।

2.6 दिव्यांगता और उसकी चिकित्सा सहित किसी भी आकस्मिक घटना को कवर करने के लिए 12 लाख रुपये की राशि की व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी।

2.7 गेल की आवासीय कॉलोनी में वरिष्ठ अधिकारियों/इंजीनियरों की पात्रता के अनुसार बैचलर/परिवार आवास उपलब्ध कराया जाएगा, बशर्ते कि उपलब्धता हो और तदनुसार लाइसेंस शुल्क की वसूली (एलएफआर) की जाएगी। नियमानुसार पानी, बिजली शुल्क और अन्य लागू शुल्क की वसूली की जाएगी।

2.8 यदि ड्यूटी के लिए यात्रा करनी पड़ती है या अन्य स्थानों पर फील्ड ड्यूटी के लिए प्रतिनियुक्ति की जाती है तो नियमानुसार टीए/डीए भी देय होगा, इस संबंध में पात्रता को आवास की पात्रता के समान विनियमित किया जाएगा।

2.9 फैक्ट्री मेडिकल अधिकारी एक कैलेंडर वर्ष में 12 सीएल और 12 सवेतन छुट्टी के लिए पात्र होंगे। अनुपातिक गणना के लिए, एक माह में 1 सीएल और 1 सवेतन छुट्टी ली जा सकती है। अतिरिक्त ड्यूटी करने पर वे प्रतिपूरक छुट्टी के लिए भी पात्र होंगे। सवेतन छुट्टी को संचित/आगे बढ़ाया जा सकता है, लेकिन आकस्मिक छुट्टी को नहीं।

2.10 उक्त सभी लाभ कंपनी की लागू एवं समय-समय पर संशोधित नीति द्वारा नियंत्रित होंगे।

**3. <u>तैनाती/कार्य:</u>**

3.1 चयनित अभ्यर्थी को **गैस प्रसंस्करण इकाई, गंधार, गांव: रोज़ाटंकारिया, तालुका: आमोद, जिला: भरूच- 392140 (गुजरात) में व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र** में तैनात किया जाएगा।

**4. <u>आवेदन शुल्क</u>**

4.1 फैक्ट्री चिकित्सा अधिकारी के पद के लिए आवेदन करने हेतु **कोई आवेदन शुल्क लागू नहीं है।**

**5. <u>आवेदन कैसे करें</u>**

5.1 अभ्यर्थियों को एद्द्वारा हस्ताक्षरित और पूरी तरह से भरे हुए आवेदन पत्र की स्कैन की हुई प्रति, नीचे दिए गए अपेक्षित प्रमाण-पत्रों के साथ ई-मेल आईडी: hrgandhar@gail.co.in **पर दिनांक 30.04.2025 को 1100 बजे से दिनांक 16.05.2025 को 1700 बजे तक "फैक्ट्री चिकित्सा अधिकारी के पद के लिए आवेदन"** विषय के साथ भेजना आवश्यक है।

(i) विधिवत हस्ताक्षरित तथा पूरी तरह से भरा हुआ आवेदन पत्र।
(ii) अभ्यर्थी का स्व-प्रमाणित हाल ही का सफेद पृष्ठभूमि के साथ पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ **(3.5 X 4.5 सेमी) (.JPEG/ .JPG/ .BMP प्रारूप आकार 50 KB तक)।**
(iii) एमबीबीएस डिग्री प्रमाण पत्र।
(iv) एमबीबीएस इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाण पत्र।
(v) भारतीय चिकित्सा परिषद या राज्य चिकित्सा परिषद के साथ पंजीकरण।
(vi) राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त न्यूनतम तीन माह की अवधि का औद्योगिक स्वास्थ्य (सीआईएच/एएफआईएच/डीआईएच) में प्रशिक्षण प्रमाणपत्र।
(vii) उच्चतर/अतिरिक्त अर्जित शैक्षणिक योग्यता (जैसे, एमडी आदि) का डिग्री प्रमाण पत्र, यदि कोई हो।

(viii) आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता-पश्चात अनुभव विवरण के समर्थन में नियोक्ता द्वारा जारी पूर्ण एवं उचित अनुभव प्रमाण-पत्र/दस्तावेज ।

(ix) यदि अभ्यर्थी केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभाग, केन्द्रीय/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या अर्ध सरकारी संगठन में कार्यरत है तो नियोक्ता से एनओसी/अग्रेषण पत्र ।

(x) वैध फोटो पहचान प्रमाण: पैन कार्ड / वोटर आईडी / आधार कार्ड / ड्राइविंग लाइसेंस आदि ।

5.2 किसी अन्य साधन/माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

5.3 **अभ्यर्थियों को इस स्तर पर गेल को आवेदन पत्र/प्रमाणपत्र की हार्ड कॉपी प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है ।**

5.4 यदि अभ्यर्थी को आगे की चयन प्रक्रिया के लिए सूचित किया जाता है, तो उसे सभी **मूल दस्तावेजों के साथ** मूल आवेदन पत्र लाना होगा, जिसके लिए संबंधित अभ्यर्थी को अलग से सूचना जारी की जाएगी ।

5.5 पद के लिए आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे इस विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य शर्तों को पूरा करते हैं । अभ्यर्थी ने जिस पद के लिए आवेदन किया है, यदि उस पद के लिए अयोग्य पाया जाता है, तो गेल भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र होगा । इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

## 6. स्वास्थ्य/चिकित्सा फिटनेस

6.1 उक्त पदों पर नियुक्ति अभ्यर्थी के चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ पाए जाने के अधीन होगी ।

## 7. चयन प्रक्रिया

7.1 सभी पात्रता मानदंड (प्रस्तुत किए गए आवेदन के आधार पर) को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों पर आगे की चयन प्रक्रिया के लिए विचार किया जाएगा । सभी मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर, अभ्यर्थियों को एकल चरण/बहु चरण चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा । आवेदनों की संख्या अधिक होने की स्थिति में, गेल न्यूनतम पात्रता मानदंडों को उचित रूप से बढ़ाकर आगे की चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को सीमित करने के लिए शॉर्टलिस्टिंग मानदंड अपनाएगा ।

7.2 स्क्रीनिंग और चयन अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए विवरण के आधार पर किया जाएगा; इसलिए यह आवश्यक है कि आवेदक द्वारा केवल **सटीक, पूर्ण और सही जानकारी** ही प्रदान की जाए । गलत/झूठी जानकारी देना अयोग्यता माना जाएगा और ऐसी गलत/झूठी जानकारी देने के किसी भी परिणाम के लिए गेल जिम्मेदार नहीं होगा ।

7.3 चूंकि सभी आवेदनों की जांच अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में प्रस्तुत किए गए डाटा के आधार पर की जाएगी, इसलिए अभ्यर्थियों को उस पद की उपयुक्तता के संबंध में स्वयं संतुष्ट होना चाहिए, जिसके लिए वे आवेदन कर रहे हैं । यदि भर्ती और चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थियों ने गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत की है, तो उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी । भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण के दौरान किसी भी रूप में प्रचार करने से अभ्यर्थिता रद्द की जाएगी ।

7.4 आवेदन फॉर्म में प्रदान किए गए सभी विवरण को **अंतिम** माना जाएंगा तथा उनमें **किसी भी प्रकार के परिवर्तन पर विचार नहीं** किया जाएगा ।

7.5 कृपया ध्यान दें कि झूठे/गलत नाम/ईमेल आईडी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करना सख्त वर्जित है । ऐसा करने वाले किसी भी अभ्यर्थी पर आईटी अधिनियम 2000 के प्रावधानों के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी ।

7.6 शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को सुविधाजनक तिथि पर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा । किसी भी प्रश्न के लिए, अभ्यर्थी **श्री पंकज कुमार शर्मा, प्रबंधक (मानव संसाधन), गेल (इंडिया) लिमिटेड, जीपीयू, गंधार, मोबाइल नंबर 9109911455 से संपर्क कर सकते हैं ।**

7.7 उक्त उल्लिखित चयन प्रक्रिया अस्थायी है । तथापि, चयन प्रक्रिया कंपनी की प्रशासनिक/व्यावसायिक आवश्यकताओं के आधार पर भिन्न हो सकती है ।

## 8. अन्य नियम व शर्तें और सामान्य अनुदेश

8.1 **केवल भारतीय नागरिक ही** आवेदन करने के लिए पात्र हैं ।

8.2 अनुबंध की अवधि नियुक्ति की तिथि से आरम्भ होगी । चयनित अभ्यर्थियों को उक्त नियुक्ति के लिए गेल के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा ।

8.3 यदि अनुबंध की निर्धारित अवधि पूरी होने से पहले अनुबंध समाप्त किया जाता है तो दोनों पक्षों को अनुबंध समाप्त करने के लिए 30 दिनों की नोटिस अवधि देनी होगी ।

8.4 अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे इस विज्ञापन के सभी पात्रता मानदंड और अन्य शर्तों को पूरा करते हैं और उनके द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए विवरण और बाद में उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज़ सभी मामलों में सही हैं । चयन प्रक्रिया में शामिल होने मात्र से यह नहीं माना जाता है कि कंपनी (गेल) अभ्यर्थी की पात्रता से संतुष्ट है । यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों में से किसी भी मानदंड को पूरा नहीं करता है, और/या उसने कोई गलत जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी । यदि नियुक्ति के पश्चात भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएँ तुरंत समाप्त कर दी जाएँगी ।

8.5 आवेदन में घोषित डाक पता/ईमेल आईडी/पद में परिवर्तन के अनुरोध पर **विचार नहीं किया जाएगा ।**

8.6 अभ्यर्थियों के पास वैध ईमेल आईडी होनी चाहिए । अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ईमेल आईडी (आवेदन पत्र में अनिवार्य रूप से दर्ज की जानी चाहिए) को न्यूनतम **एक वर्ष तक सक्रिय रखें** । एक बार ईमेल आईडी दर्ज करने के पश्चात उसमें किसी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी । अभ्यर्थियों के साथ सभी पत्राचार केवल ईमेल के माध्यम से ही किए जाएंगे । चयन प्रक्रिया में भाग लेने के संबंध में सभी जानकारी/संचार आवेदन डाटा और प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर स्पष्ट रूप से योग्य पाए जाने वाले अभ्यर्थियों को ईमेल के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे । सूचना/संचार आदि प्राप्त करने और डाउनलोड करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई अमान्य/गलत ईमेल आईडी के कारण भेजे गए ईमेल के किसी भी नुकसान के लिए गेल जिम्मेदार नहीं होगा और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

8.7 केवल उन शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ही चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए बुलाया जाएगा जो आवेदन डाटा और प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर स्पष्ट रूप से योग्य पाए जाते हैं । यदि आवेदक को इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **120 दिनों के भीतर कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है**, तो यह माना जा सकता है कि उसे चयन प्रक्रिया के लिए चयन नहीं किया गया है ।

8.8 यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई भी जानकारी झूठी पाई जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो पंजीकृत अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या भर्ती या कार्यभार ग्रहण करने के बाद अस्वीकार की जा सकती है ।

8.9 गेल न्यूनतम पात्रता मानदंड बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है । गेल उपरोक्त सभी या किसी भी पद को भरने या न भरने तथा बिना किसी अतिरिक्त सूचना या कोई कारण बताए भर्ती/चयन प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तार/संशोधित/परिवर्तित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है ।

8.10 निर्धारित योग्यता न्यूनतम है और मात्र उन योग्यताओं के होने से ही अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होते । इस संबंध में गेल का निर्णय अंतिम होगा ।

8.11 चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची और उक्त पदों के लिए नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची अभ्यर्थियों की जानकारी के लिए गेल की वेबसाइट www.gailonline.com पर समय-समय पर प्रदर्शित की जाएगी । अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम अपडेट के लिए गेल की वेबसाइट www.gailonline.com देखें ।

8.12 आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी पक्षप्रचार के कारण उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी । इस विज्ञापन के विरुद्ध भर्ती से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा केवल **भरूच न्यायालय** के अधिकार क्षेत्र में ही किया जाएगा ।

8.13 उक्त विज्ञापन में कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, परिशिष्ट, शुद्धिपत्र, समय विस्तार आदि केवल गेल वेबसाइट: www.gailonline.com के **"करियर"** अनुभाग पर ही प्रदर्शित किया जाएगा और प्रेस में कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी । अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें ।

**8.14 महत्वपूर्ण तिथियां**

| # | गतिविधि | तारीख |
|---|---|---|
| 1 | अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन अग्रेषित करने की आरम्भिक तिथि | **30.04.2025 (11.00 बजे)** |
| 2 | अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन अग्रेषित करने की अंतिम तिथि | **16.05.2025 (17.00 बजे)** |

## 9. महत्वपूर्ण निर्देश

9.1 हम आम जनता को सावधान करते हैं कि वे ऐसी संदिग्ध एजेंसियों/संगठनों/व्यक्तियों के प्रलोभन में न आएं जो मासूम जनता से पैसे लेने का लक्ष्य रखते हैं । ईमेल, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रसारित गेल (इंडिया) लिमिटेड के किसी भी विज्ञापन/नौकरी की घोषणा पर विश्वास न करें । गेल (इंडिया) लिमिटेड से संबंधित किसी भी नौकरी/करियर से संबंधित जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.gailonline.com पर दी गई जानकारी पर विश्वास करें ।

9.2 यदि आपको आवेदन करते समय कोई समस्या होती है, तो आप हमसे hrgandhar@gail.co.in के माध्यम से सम्पर्क कर सकते हैं ।